# उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

पशुधन भवन, प्रथम तल,मोथरोवाला, देहरादून –248001

टेलीफैक्स : (0135) 2532619

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

## पशु प्रजनन फार्म, कालसी एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिकेश से सांड़ों/ काम्पैक्ट फाडर ब्लाक के परिवहन हेतु निविदा

(दो निविदा प्रणाली)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र कमांक | : | 780/यू0एल0डी0बी0/स्टोर/परिवहन (1/241)/2023–24 दिनांक 09 जून 2023 |
| निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य **(Non Refundable)** | : | ₹ 1770.00(जीएसटी सहित) |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://uktenders.gov.in**पर निविदा जारी होने की तिथि | : | 10 जून 2023 |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने की विधि | | निविदा प्रपत्र ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://uktenders.gov.in पर आन लाईन दिनांक 10.06.2023 से उपलब्ध होंगे। निविदादाता का वेबसाईट पर रजिस्टर होना अनिवार्य होगा, जिसकी सेवा निःशुल्क उपलब्ध है। निविदा को आनलाईन जमा करने के लिए निविदादाता के पास Digital Signature Certificate (DSC) होना आवश्यक है। DSC किसी भी सरकार द्वारा अधिकृत संस्था से प्राप्त की जा सकती है, जिसके विषय में जानकारी http://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है।<br>निविदा से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं यथा निविदा में सुधार, निविदा का निरस्तीकरण इत्यादि http://uktenders.gov.in से आन लाईन प्राप्त की जा सकती है।<br>निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. पशुधन भवन, द्वितीय तल, मोथरोवाला, देहरादून में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय (दिनांक 26 जून, 2023 को प्रातः 11.00 बजे) से पूर्व रजिस्टर्ड पोस्ट/कुरियर/स्वयं जमा कराना अनिवार्य होगा। यू.एल.डी.बी. द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर प्राप्त निविदाओं में से उन्हीं निविदाओं को खोला जायेगा, जिनके निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय को निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त होंगे।<br>निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त अभिलेखों को स्केन करके ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है। निविदा में कोट की गई दरें बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में भर कर ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है।<br>निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी वांछित अभिलेख आफ लाईन स्वीकार नहीं होंगे। |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल परनिविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | : | 26 जून 2023 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल परनिविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | : | 26 जून 2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे |
| निविदाओं कोखोले जाने का स्थान | | उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड<br>पशुधन भवन, द्वितीय तल, मोथरोवाला, देहरादून –248001 |

मुख्य अधिशासी अधिकारी,

उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

**पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून –248001**

टेलीफैक्स : (0135) 2532619


महोदय,

आप निम्न विवरण के अनुसार पशु प्रजनन फार्म, कालसी, एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिकेश देहरादून से राज्य के गढवाल एवं कुमाऊ मण्डल के विभिन्न स्थानों तक सांड़ों/कॉम्पैक्ट फाडर ब्लाक की परिवहन व्यवस्था के लिए सबसे अधिक प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किये जाते है

1. पशु प्रजनन फार्म कालसी एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिकेश देहरादून से राज्य के गढवाल एवं कुमाऊ मण्डल के विभिन्न स्थानों तक सांड़ों/कॉम्पैक्ट फाडर ब्लाक की परिवहन व्यवस्था हेतु दरें **https: //uktenders.gov.in**में उपलब्ध **बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ)** में भर कर Online जमा किया जाय।
2. पशु प्रजनन फार्म कालसी एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिकेश देहरादून से राज्य के गढवाल एवं कुमाऊ मण्डल के विभिन्न स्थानों तक सांड़ों/कॉम्पैक्ट फाडर ब्लाक की परिवहन व्यवस्था हेतु प्रस्तुत निविदा के साथ धरोहर राशि ₹51000.00 (₹ इक्यावन हजार मात्र) का किसी भी राष्ट्रीयकृत/सहकारी बैंक का **यू0एल0डी0बी0** के नाम **देहरादून** में देय/बंधक डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर/एफ.डी.आर. प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एफ.डी.आर. की वैधता निविदाओं की वैधता अवधि से 60 दिन अधिक होनी आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://uktenders.gov.inपर प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जाएगा।
3. निविदाओं की वैद्यता अवधि 60 दिनों की होनी आवश्यक है।
4. निविदा प्रपत्र का क्रय मूल्य ₹1770.00 जीएसटी सहित होगा (जो किसी भी दशा में वापस नही होगा)।
5. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय में निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व जमा कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा कोट की गयी दरें सम्पूर्ण अनुबन्ध अवधि के लिए वैध होगी तथा अनुबन्ध अवधि के दौरान दरों में किसी प्रकार का परिवर्तन, परिमार्जन अथवा संशोधन मान्य नहीं होगा।
7. बिल आफ क्वान्टिटी(**BOQ**)में अंकित दर, केवल भारतीय रूपये में होनी चाहिए।
8. अन्य नियम एवं शर्ते, संलग्नक– 1 पर दी गई है।
9. **निविदाओं का मूल्यांकनः** निविदाओं के मूल्यांकन में प्रत्येक के लिए अलग–अलग न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली निविदा को क्रयादेश हेतु स्वीकृत किया जायेगा।
10. **क्रयादेशः**प्रत्येक के लिए न्यूनतम दर कोट करने वाले सम्बन्धित निविदादाता को यू0एल0डी0बी0 के साथ ₹100.00 के नांन जूडिशियल नोटराईज्ड 'स्टाम्प पेपर' पर द्विपक्षीय अनुबन्ध एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि के रूप में क्रयादेश की 6%धनराशि किसी भी राष्ट्रीय कृत/सहकारी बैंक का **यू0एल0डी0बी0** के नाम **देहरादून** में देय/बंधक डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर/एफ.डी.आर. निविदा स्वीकृत होने की तिथि से दो सप्ताह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। यदि कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि एफ.डी.आर. के रूप में जमा की जाती है तो उसकी वैधता अनुबन्ध की अवधि से 60 दिन अधिक होनी आवश्यक है। इससे सम्बन्धित आदेश की प्राप्ति के दो सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध एवं कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि जमा न करने पर स्वीकृत निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी और इस स्थिति में सम्बन्धित निविदादाता द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि यू0एल0डी0बी0 द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
11. यू0एल0डी0बी0 निविदा की वैधता अवधि समाप्त होने से पूर्व उसी निविदादाता को क्रयादेश प्रेषित करेगा, जिसकी निविदा समस्त शर्तो एवं नियमों को पूर्ण करती है एवं जिसके द्वारा न्यूनतम दर दी गयी हो।

संलग्नक : 1. निविदा की शर्तें एवं नियम
2. घोषणा पत्र

मुख्य अधिशासी अधिकारी,
उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# निविदा की शर्तें

1. यू.एल.डी.बी. द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल**https://uktenders.gov.in**पर प्राप्त निविदाओं में से उन्हीं निविदाओं को खोला जायेगा, जिनके निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र यू.एल.डी.बी. कार्यालय को निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त होंगे।
2. निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, PAN Card,Aadhar Card, GST Registration & 2 years Experience of similar type of work (पैन कार्ड, आधार, जीएसटी, 2 वर्ष का अनुभव परिवहनकर्ता के रूप में) एवं निविदा प्रपत्र में वांछित समस्त अभिलेखों को स्केन करके ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है। निविदा में कोट की गई दरें बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में भर कर ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर आन लाईन जमा करना अनिवार्य है।
3. निविदा प्रपत्र क्रय मूल्य, धरोहर धनराशि एवं ₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर घोषणा पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई भी वांछित अभिलेख आफ लाईन स्वीकार नहीं होंगे।
4. **निविदादाता द्वारा ई– प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल पर बिल आफ क्वान्टिटी (BOQ) में दरें निम्न प्रकार से कोट की जाएं–**

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | दूरी किमी0 (एक तरफ से) | दर रूपये प्रति किमी0 |
|---|---|---|---|
| 1 | टाटा 407 या समकक्ष (क्षमता 25 कुन्तल) | 1–100 | |
| | | 101–200 | |
| | | 201–300 | |
| | | 301 से अधिक | |
| 2 | टाटा 709 या समकक्ष (क्षमता 50 कुन्तल) | 1–100 | |
| | | 101–200 | |
| | | 201–300 | |
| | | 301 से अधिक | |
| 3 | टाटा 1109 या समकक्ष (क्षमता 75 कुन्तल) | 1–100 | |
| | | 101–200 | |
| | | 201–300 | |
| | | 301 से अधिक | |
| 4 | टाटा 1613 या समकक्ष (क्षमता 90 कुन्तल) | 1–100 | |
| | | 101–200 | |
| | | 201–300 | |
| | | 301 से अधिक | |

उपरोक्त दरों में जीएसटी सम्मिलित नहीं है।

उपरोक्त सारिणी में दर्शाये गये प्रत्येक वाहन के लिए कोट की गयी **दूरी (किमी0) हेतु दरों का मूल्यांकन अलग–अलग किया जायेगा एवं प्रत्येक के लिए न्यूनतम दर स्वीकार की जायेगी। यू0एल0डी0बी0 के द्वारा स्वीकृत दरो पर भुगतान एक तरफ के किराये पर ही किया जायेगा।**

5. न्यूनतम दरों के आधार पर निविदा स्वीकृत होने पर, सम्बन्धित सफल निविदादाता/ट्रान्सपोर्टर को यू0एल0डी0बी0 के साथ एक द्विपक्षीय अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। यह अनुबन्ध, ₹100.00 के नान ज्यूडीशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर किया जायेगा। यह स्टाम्प पेपर सफलनिविदादाता/ट्रान्सपोर्टर द्वारा ही क्रय किया जाएगा। इससे सम्बन्धित आदेश में दी गयी अवधि के अन्दर अनुबन्ध न करने पर स्वीकृत निविदा स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी और इस स्थिति में सम्बन्धित निविदादाता द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि यू.एल.डी.बी. द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
6. सफल निविदादाता को कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security), जो कि कार्यादेश की 6% होगी, को अनुबन्ध पत्र के साथ जमा करना होगा।
7. कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) बैंक ड्राफ्ट, पे–ऑर्डर अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/सहकारी बैंक के एफ.डी.आर. के रूप में ही स्वीकार्य होगी, जो यू0एल0डी0बी0 के नाम देहरादून में देय/धरोहर (pledge) रहेगी।कार्यपूर्ति प्रतिभूति यदि एफ.डी.आर. के रूप में दी जाती है तो उसका कार्य पूर्ति होने की अवधि के 60 दिन बाद तक वैध होना आवश्यक है। कार्यावधि समाप्त होने के पश्चात् कार्यपूर्ति प्रतिभूति (Performance Security) नियमानुसार वापस कर दी जायेगी।
8. अनुबन्ध एक वर्ष के लिए किया जाएगा तथा यू.एल.डी.बी. द्वारा आवश्यकता पड़ने पर अनुबन्ध की अवधि को आपसी सहमति से आगे बढाया जा सकता है।

9. अनुबन्धकर्ता यदि अनुबन्ध की अवधि में सांड़ों/कॉम्पैक्ट फाडर ब्लाकके परिवहन व्यवस्था का परिचालन नहीं करना चाहता, तो उसे इसकी सूचना कम से कम 1 माह पूर्व देनी होगी।
10. परिवहनकर्ता को विभिन्न स्थानों की मॉग के अनुरूप सांड़ों/काम्पैक्ट फाडर ब्लाक का परिवहन निर्धारित समयान्तर्गत करना अनिवार्य होगा।
11. पशु प्रजनन फार्म कालसी एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिके  ा द्वारा सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर को वाहन की आवश्यकता पड़ने से 24 घन्टे पहले दूरभाष पर अथवा लिखित में वाहन उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया जायेगा। सूचित समय के अन्दर संस्था को वाहन उपलब्ध कराना सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर के लिये अनिवार्य होगा। सूचित अवधि तक यदि सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर द्वारा वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जायेगी एवं ऐसी स्थिति में निर्धारित दरों से यदि अधिक व्यय करना पड़ता है, तो अधिकता से व्यय की गयी धनराशि को सम्बन्धित ट्रान्सपार्टर के परिवहन बिलों से समायोजित कर लिया जायेगा।
12. टोल टैक्स, पुल टैक्स आदि समस्त व्ययों का भुगतान सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर द्वारा स्वयं उठाया जायेगा।
13. सांड़ों/काम्पैक्ट फाडर ब्लाकंकी लोडिंग एवं अनलोडिंग में होने वाले व्यय का भुगतान यू0एल0डी0बी0 द्वारा अथवा माल प्राप्तकर्ता पार्टी द्वारा (जब तक वर्णित नही हो) ही किया जायेगा। जिन केन्द्रों द्वारा अनलोडिंग की व्यवस्था एवं भुगतान स्वयं नहीं किया जाता है, वहॉ अनलोडिंग व्यवस्था एवं भुगतान स्वयं सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर /वाहन चालक को करना होगा एवं इस प्रकार अनलोडिंग पर होने वाले व्यय का पुष्टि पत्र सम्बन्धित केन्द्र के प्रतिनिधि से लेकर परिवहन बिलों के साथ यू0एल0डी0बी0 में प्रस्तुत करने पर इस व्यय के समक्ष यू0एल0डी0बी0 द्वारा ट्रान्सपोर्टर को अनलोडिंग व्यय का भुगतान कर दिया जायेगा।
14. परिवहन किये जाने वाले सांड़ों/काम्पैक्ट फाडर ब्लाक को गंतव्य स्थान तक पूर्ण मात्रा में अच्छी एवं सही स्थिति में समय से पहुॅचाने का पूर्ण दायित्व सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर का होगा। माल प्राप्ति की रसीदउपलब्ध कराने की पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर की होगी। परिवहन के दौरान किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति में हुई हानि की क्षतिपूर्ति का पूर्ण दायित्व सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर का होगा एवं होने वाली कमी के सापेक्ष धनराशि को सम्बन्धित ट्रान्सपार्टर के परिवहन बिलों से समायोजित कर लिया जायेगा।
15. वर्षा, पानी, धूप एवं धूल इत्यादि से सुरक्षा हेतु वाहन में तिरपाल अथवा आवश्यकता पड़ने पर ढ़कने के लिए अन्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे परिवहन किये जाने वालेसांड़ों/काम्पैक्ट फाडर ब्लाक को क्षति न पहुॅचे अन्यथा क्षति की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर को करनी होगी।
16. यदि किसी दशा में वाहन चालक द्वारा व्यापार कर चौकी पर बहती जारी कराई जानी है, तो उसे निरस्त करने की पूरी जिम्मेदारी भी वाहन चालक की होगी ऐसा न करने पर व्यापार कर सम्बन्धी किसी भी नोटिस/अर्थदण्ड अथवा विवाद/वाद आदि के लिए सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर स्वंय जिम्मेदार होगा।
17. वाहन चालक आवश्यक रूप से व्यापार कर चौकी पर समस्त प्रपत्र उचित रूप से पास करायेगा। ऐसा न करने पर किसी भी वाद के लिए सम्बन्धित ट्रान्सपोर्टर स्वंय उत्तरदायी होगा।
18. आपूर्तिकर्ता द्वारा अपनी आयकर विवरणी संस्था द्वारा मांग करने अथवा आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत करनी होगी।
19. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अध्यक्ष, उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड का निर्णय सर्व मान्य होगा।
20. अनुबन्ध की व्याख्या भारतीय कानूनों के अधीन की जायेगी एवं वाद निस्तारण का कार्यक्षेत्र देहरादून न्यायालय होगा।
21. मुख्य अधिशासी अधिकारी, यू0एल0डी0बी0, देहरादून के पास बिना कोई कारण बताये, निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने तथा निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
22. विभिन्न उपचारा बैंको तथा इनके अतिरिक्त जिन स्थानों पर परिवहन करना आवश्यक होगा की दूरी न्यूनतम मार्ग से गूगल मैप/लो0नि0वि0 का प्रमाण पत्र/उत्तराखण्ड परिवहन निगम के प्रमाण पत्र द्वारा निश्चित होगी।

**मुख्य अधिशासी अधिकारी,**
उत्तराखण्ड लाइवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड

# घोषणापत्र

(₹100.00 के नान ज्यूडिशियल नोटराईज्ड स्टाम्प पेपर पर भरा जाय)

सेवा में,

मुख्य अधिशासी अधिकारी,
उत्तराखण्ड लाईवस्टाक डेवलपमेन्ट बोर्ड,
पशुधन भवन, प्रथम तल, मोथरोवाला, देहरादून।

महोदय,

मैं ..........................................................................................................यू0एल0डी0बी0, देहरादून द्वारा निविदा प्रपत्र क्रमांक 780 /यू0एल0डी0बी0/स्टोर/कालसी (1/244)/2023–24 दिनांक 09 जून 2023 के निर्धारित संलग्नक –1 में दी गई निविदा की समस्त शर्तों एवं प्रतिबन्धों को स्वीकार करता हूँ। उपरोक्त किसी भी नियम के उल्लंघन होने पर यू0एल0डी0बी0 द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

मैं ............................................................................................ पुत्र .......................................................................... .... निवासी ......................................................................................................................................................... घोषणा करता हूँ, कि मैंने निविदा की सभी शर्तें पढ़ ली हैं, जो मुझे मंजूर हैं। मैं यू0एल0डी0बी0, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा के अनुसार पशु प्रजनन फार्म कालसी एवं अतिहिमीकृत वीर्य उत्पादन केन्द्र ऋषिकेश से सांड़ों/ काम्पैक्ट फाडर ब्लाक के परिवहन हेतु सहमत हूँ।

निविदादाता का नामः

निविदादाता का पूरा पताः

दिनांक :

पेन नं0 (PAN):

GST No.:

Aadhar No.: